हड़कंप | पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर थैले को जब्त किया, स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची

# थैले में मिला कटा हुआ हाथ का पंजा





**नवभारत, तेंदूखेड़ा। नगर से करीब 8 किलोमीटर दूर पिंडरई पांजी के बीच बने पुल के नीचे ग्रामीणों को एक थैला पड़ा दिखा, कुछ ग्रामीणों ने थैला को उठा कर देखा तो थैला के अंदर एक डिब्बे में हाथ का कटा हुआ पंजा दिखाई दिया।**

ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर तेंदूखेड़ा पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पहुंचकर थैले को जप्त कर पंचनामा बनाकर स्वस्थ केंद्र लेकर आए। डॉक्टर सीबीएमो अशोक बरोनिया ने बताया की परीक्षण करने से पता चला कि यह किसी व्यक्ति के दाहिने हाथ का पंजा है जो करीब एक सप्ताह पुराना लगता है।

इस मामले में सरोज ठाकुर नगर निरीक्षक ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का कटा हुआ हाथ का पंजा मिला है जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा जांच के बाद ही पता चलेगा कि यह कोई हादसा है या अपराध।

## पुलिया के पास लावारिस नवजात मिलने से हड़कंप

**कुम्हारी नवभारत 19 सितंबर।** कुसमी गांव में पुलिया के पास एक अज्ञात नवजात जीवित अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना कुम्हारी थाना पुलिस को दी। जिसके बाद थाना प्रभारी ब्रजेश पांडेय के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने नवजात को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। इसके बाद 112 वाहन की मदद से शिशु को उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा भेजा गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा शिशु को किस परिस्थिति में छोड़ा गया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना को लेकर पुलिस आसपास के क्षेत्र में पूछताछ एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## विशाल हिन्दू गौ सेवा रक्षा समिति द्वारा जेल में गौ माता एवं हनुमान की महाआरती का आयोजन

**नवभारत,दमोह। विशाल हिन्दू गौसेवा रक्षा समिति के तत्वाधान में समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में शनिवार को जिला जेल दमोह में गौ माता की भव्य महा आरती एवं जेल में विराजमान हनुमान जी की महाआरती का आयोजन किया गया। जेल परिसर में जय गौ माता, जय श्री राम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने स्वयं गौ माता की आरती कर सभी बंदी भाइयों को प्रसाद वितरित किया।**



वर्षों बाद गौ माता के दर्शन पाकर बंदी भाई भावुक हो गए।जेल अधीक्षक ने कहा बंद गौशाला को शासन से शुरू करवाएंगे अपने वक्तव्य में मीडिया से चर्चा करते हुए जेल अधीक्षक ने कहा कि जेल परिसर में जो गौशाला लंबे समय से बंद पड़ी है, उसे आने वाले भविष्य में शासन के सहयोग से पुनः चालू करवाया जाएगा। गौशाला शुरू होने पर बंदी भाइयों से ही गौ माता की सेवा कार्य करवाया जाएगा, जिससे उनमें सकारात्मक सुधार आएगा। गौरव पटेल ने कहा सांसद-विधायक निधि से नई गौशाला बनवाएंगे. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा कि जेल में जो भूतपूर्व में गौशाला थी, जो अभी जर्जर अवस्था में बंद पड़ी है, उसमें सुधार करके सांसद एवं विधायक के सहयोग से नई गौशाला बनवाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। शैलेन्द्र अवस्थी और उनकी समिति का यह कार्य अत्यंत सराहनीय है कार्यक्रम के अंत में समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र अवस्थी ने जिला जेल प्रशासन, एवं समस्त समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा ही हमारा परम धर्म है और हमारा प्रयास है कि हर जगह गौ माता का सम्मान हो। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश यादव, नितिन यादव, जित्तू ठाकुर, गौरव चौरहा, प्रमोद यादव, शेरा जैन, सूरज यादव, हर्ष सोनी, राजा प्रजापति, परशु राठौर सुनील खरे पथरिया, राजा ?? अमित यादव राजपूत, जितेन्द्र अवस्थी, राज महाकाल राकेश राजपूत गोविंद यादव सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।



## मंत्री कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित

**नवभारत, दमोह।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मंत्री कार्यालय नोहटा में जनसुनवाई आयोजित की गई। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की मौजूदगी में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी गईं।जनसुनवाई के दौरान कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने संबंधित समस्याओं के यथासंभव शीघ्र निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## प्रतिभा सम्मान व संभागीय सम्मेलन आज

**नवभारत,दमोह, 20 सितंबर 2026।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता के निर्देशन व प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के आतिथ्य में आज दमोह में संभागीय सम्मेलन व प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज के संगठन को मजबूत करने व की समाज की प्रतिभाओं की सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना तथा नई पीढ़ी को शिक्षा व उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रेरित करना है।वैश्य महासम्मेलन इकाई दमोह ने सभी आमंत्रितों को उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



## कुम्हारी में हर्षोल्लास से मनाई गई राधा अष्टमी, निकली शोभायात्रा



**नवभारत, कुम्हारी। नगर में राधा अष्टमी का पर्व धार्मिक उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बांके बिहारी मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।**

इसके बाद भगवान श्री राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जीवंत झांकी में कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण के छायाचित्र का पूजन किया तथा प्रसाद वितरण किया गया। डीजे की भक्ति धुनों पर धर्मप्रेमी श्रद्धालु नाचते-झूमते नजर आए। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए थाना परिसर स्थित सिंह वाहिनी माता मंदिर पहुंची, जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अंकुश खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव पटेल, जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह, जनपद सदस्य बलराम पटेल, अधिवक्ता राजेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश पटेल सहित सरपंच प्रतिनिधि अजय यादव, कमलेश बेलखेड़ी, बबलू यादव सलेया सहित कुम्हारी नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तिलक सिंह, गणेश चौबे, रूप सिंह यादव, कमलेश यादव, लाल सिंह यादव, अमर सिंह, रवि चौहान, जितेंद्र ठाकुर, अभिषेक जैन, उमा यादव, बखत यादव, बबलू विश्वकर्मा,सरमन यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों की सहभागिता रही।



## शहर भर के मंदिरों में मनाई गई राधा अष्टमी

**नवभारत,दमोह।** शहर और जिले भर के मंदिरों में बड़े उत्साह और उमंग के साथ राधा अष्टमी पर्व मनाया गया।सुबह से ही विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और दोपहर 12 बजे भव्य आरती के साथ पूजन संपन्न हुआ। मौजूद भक्तों ने बड़े उत्साह के साथ नाच-गाकर उत्सव मनाया।शहर के राधा रमण मंदिर में विशेष आयोजन हुआ, जहां अधिक संख्या में भक्तों की मौजूदगी में पंडित शिवप्रसाद दुबे और अभिषेक पांडे द्वारा राधा अष्टमी मनाई गई और बधाइयां दी गईं।मंदिर में विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गई थी, जहां सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही मातृशक्तियों द्वारा भजन-कीर्तन भी किए गए।

## पथरिया एसडीएम-तहसील कार्यालय आईएसओ 9001 :2015 से सम्मानित

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व तहसीलदार कार्यालय पथरिया को आईएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के तहत पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। क्यूआरओ द्वारा कार्यालय का स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया। जिसके बाद निर्धारित गुणवत्ता प्रबंधन मानकों के अनुरूप पाए जाने पर प्रमाण-पत्र जारी किया गया। प्रमाण-पत्र के अनुसार एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय, पथरिया, जिला दमोह को आईएसओ 9001:2015 के तहत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए पंजीकृत किया गया है। इसके अंतर्गत कार्यालय की विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों को



निर्धारित दायरे में शामिल किया गया है। प्रमाण-पत्र में राजस्व प्रशासन,सार्वजनिक शिकायत निवारण, भूमि अभिलेख व राजस्व मामलों का प्रशासन, चुनाव व जनगणना समन्वय, आपदा प्रबंधन, कानून व व्यवस्था समन्वय, ई-गवर्नेंस सेवाएं तथा नागरिक-केंद्रित प्रशासनिक सेवाओं का प्रावधान शामिल है।इसी प्रक्रिया के तहत शनिवार को भोपाल से आए लीड ऑडिटर विजय घोष ने पथरिया एसडीएम व तहसील कार्यालय का करीब चार घंटे तक ऑडिट किया। इस दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नागरिक सेवाओं और विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण व मूल्यांकन किया गया।

## नि :शुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग का शानदार परिणाम दमोह के 10 विद्यार्थियों का पीएटी के माध्यम से चयन

**नवभारत,दमोह।** जिला प्रशासन, कृषि विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से संचालित समर्पण नि :शुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कोचिंग में अध्ययनरत दमोह जिले के 10 विद्यार्थियों का पी.ए.टी. के माध्यम से विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चयन हुआ है।नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया कि जिले के विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नि :शुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग संचालित की जा रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और कोचिंग के 10 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विभिन्न संस्थानों में स्थान प्राप्त किया है। चयनित विद्यार्थियों में प्रेम सिंह लोधी, अनुराग सिंह लोधी, निखिल पटेल, प्रसरन पटेल, कृष्ण पटेल, अभिषेक दुबे, कार्तिक पटेल, लीलाधर पटेल, ओम पटेल एवं शिवांश सिंह ठाकुर शामिल हैं। विद्यार्थियों का चयन कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर, कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़, कृषि महाविद्यालय चित्रकूट तथा कृषि महाविद्यालय बरासिवनी बालाघाट सहित विभिन्न संस्थानों में हुआ है।गौरतलब है कि समर्पण नि :शुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग का शुभारंभ वर्ष 2025 में किया गया था। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में भी कोचिंग में अध्ययनरत 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। लगातार मिल रहे परिणामों से नि :शुल्क कोचिंग के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

## सामूहिक सेवा संकल्प अभियान व नमो युवा शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत,दमोह.** सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र दमोह व आरसेटी में सेवा संकल्प अभियान व नमो युवा शक्ति कार्यक्रश का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम कार्यक्रम में डीपीएम एनआरएलएम शैलेन्द्र श्रीवास्तव डीएम सतीश शर्मा, अरविन्द चंदेल,बीएम दमोह ब्लॉक राजेंद्र उपाध्याय,सुधीर सिंह, रजनी बुनकर,संगीता प्रजापति व समस्त, आजीविका मिशन से जुड़े स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूहों की दीदियों के लिए विभिन्न खेलकूद व मनोरंजक प्रतियोगिताओं का



आयोजन किया गया। जिनमें चेयर रेस,रस्सी कूद,नींबू रेस आदि प्रमुख रहे।

दीदियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा पूरे उत्साह व उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।चेयर रेस प्रतियोगिता की विजेता दीदी को जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विजेता दीदी का उत्साहवर्धन किया गया तथा अन्य प्रतिभागियों को भी प्रसस्ती पत्र व स्मृति चिन्ह भेट देकर प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा उनके द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविका एवं अन्य कार्यों की प्रस्तुति भी दी गई।

### एक नजर में



## शिक्षा की गुणवत्ता पर किया संवाद

**कुम्हारी नवभारत 19 सितंबर।** जन शिक्षा केंद्र कुम्हारी में शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीन से पांच के शिक्षकों द्वारा सहभागिता की गई। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान हटा डाइट द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसमें विजय बहादुर सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जन शिक्षा केंद्र कुम्हारी के 30 शालाओं के 30 शिक्षकों में से जनशिक्षक शिवांशु तिवारी के साथ 21 शिक्षक उपस्थित रहे।सीखने के लिए आकलन विषय पर समस्त शिक्षकों एवं जनशिक्षक के साथ चर्चा की गई।



## कलेक्टर ने किया श्रीराम गौशाला हटा का निरीक्षण

**नवभारत,दमोह।** सेवा संकल्प अभियान एवं मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने श्रीराम गौशाला हटा का निरीक्षण किया। इस दौरान गौवंश के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं, संरक्षण एवं देखरेख की स्थिति का जायजा लिया।

## मड़ियादो थाना क्षेत्र में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया चक्का जाम

**नवभारत,दमोह।** जिले के मड़ियादो थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।बताया जा रहा है कि युवक मुकेश लोधी उम्र 21 वर्ष, जो पेट्रोल पंप पर काम करता था, 18 सितंबर को पंप से बिना बताए कहीं चला गया था। परिजनों ने खोजबीन की तो घर से थोड़ी दूर शव मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।परिजनों का आरोप है कि उनके लड़के की हत्या की गई है, इसी के चलते आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर चक्का जाम लगा दिया।पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## आपात स्थितियों से निपटने एसपी ने खुद कराई शस्त्र कवायद और आंसू गैस मॉकड्रिल

**रक्षित केंद्र में पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा जनरल परेड व सुरक्षा समीक्षा**



**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक (एसपी) आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा रक्षित केंद्र (पुलिस लाइन),दमोह में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण किया गया।इस दौरान अनुशासन,शारीरिक दक्षता और सुरक्षा तैयारियों का गहन जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जवानों के टर्नआउट (यूनिफॉर्म,बैज,बूट्स आदि) का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इसके बाद जिले के सभी थाना प्रभारियों और उप-निरीक्षकों व उपस्थित स्टाफ से विभिन्न हथियारों की हैंडलिंग, स्ट्रिपिंग-असेम्बलिंग(खोलना व जोड़ना) और त्वरित फायरिंग पोजीशन का अभ्यास कराया गया,ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।रक्षित केंद्र स्थित क्वार्टर गार्ड की सलामी लेकर सुरक्षा व्यवस्था, संतरी ड्यूटी, रिकॉर्ड रजिस्टर्स और शस्त्रागार के रखरखाव की जांच की गई।बलवा ड्रिल किट (बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, शील्ड), कानून-व्यवस्था व बलवा जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा बलवा ड्रिल सामग्री के साथ- साथ आंसू गैस गन व विभिन्न प्रकार के गैस शेल्स व ग्रेनेड्स का व्यावहारिक उपयोग कराया गया।अधिकारियों व कर्मचारियों को गैस गन लोड करने, सही निशाना साधने और सुरक्षित दूरी से फायर करने का अभ्यास कराया गया.

हादसा | दमोह-जबलपुर मार्ग पर जाम जैसे स्थिति

# वन विभाग ने काटा पेड़ रास्ते में गिरा, लगा जाम



**नवभारत, तेंदूखेड़ा। जनपद क्षेत्र अंतर्गत तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के कंसा ग्राम के पास रोड के किनारे लगे पेड़ को वन विभाग ने सुबह काट कर गिराया तो पेड़ रोड पर ही गिर गया, गनीमत रही कि इस दौरान कोई पेड़ के नीचे नहीं था वरना गंभीर घटना हो सकती थी।**

पेड़ गिरने से दमोह जबलपुर मार्ग पर दस मिनट तक जाम लगा रहा, इस सम्बन्ध में वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया ने बताया कि उक्त पेड़ यातायात में बाधक था। रात को इसकी कुछ डालिया टूट कर गिर गई थी इसलिए सुबह इस पेड़ को कटवा दिया पेड़ भारी होने से किनारे की जगह रोड पर कर गया था जिससे तत्काल ही रोड से हटवा दिया गया।



## बांदकपुर तिराहा के आगे सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**नवभारत,दमोह।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर तिराहा के आगे कटनी मार्ग स्थित किट्टू-पिट्टू ढ़ाबा के पास शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अजय सिंह गौड़ पिता बबलू सिंह गौड़, उम्र करीब 27-28 वर्ष, निवासी मड़िया दमोह बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।सूचना मिलते ही मौके पर बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस बल पहुंचा और शव को उठाकर जिला अस्पताल के शव गृह में सुरक्षित रखवाया। सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।बाइक क्रमांक एमपी 34 जेडसी 5473 बताई जा रही है।

## दमोह में 11 एकड़ कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग का आरोप

### एसडीएम के आदेश के बाद भी जांच अधर में

**नवभारत,दमोह।** शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि को कॉलोनी में तब्दील कर प्लॉट काटने का खेल लगातार सवालों के घेरे में है। ऐसा ही एक मामला मारूताल क्षेत्र के कुलुवा गांव से सामने आया है,जहां करीब 11 एकड़ यानी 4.4441 हेक्टेयर कृषि भूमि पर कथित तौर पर नियमों की अनदेखी करते हुए प्लॉटिंग किए जाने की शिकायत प्रशासन तक पहुंची है।



शिकायत के बाद एसडीएम ने जांच के निर्देश भी जारी किए, लेकिन करीब एक महीने बाद भी जांच पूरी नहीं होने से प्रशासनिक कार्रवाई की रफ्तार पर सवाल खड़े हो रहे हैं।इस मामले में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने प्रशासन से शिकायत की है। शिकायत में देवेंद्र जैन एवं अंजना जैन से संबंधित भूमि का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि राजस्व रिकॉर्ड में कृषि भूमि के रूप में दर्ज जमीन पर बिना सक्षम अनुमति के प्लॉट काटकर बिक्री की जा रही है। शिकायतकर्ता ने ग्राम कुलुवा, मारूताल, तहसील दमयंतीनगर के खसरा नंबर 1/158,1/159, 1/160, 1/169, 1/170,1/188 और 1/89 का हवाला देते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है।शिकायत का सबसे अहम पहलू यह है कि जिस जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में कृषि उपयोग के लिए दर्ज बताया जा रहा है, वहां यदि वास्तव में आवासीय प्लॉटिंग की जा रही है तो भूमि उपयोग परिवर्तन और कॉलोनी विकास से जुड़ी आवश्यक अनुमतियां ली गई हैं या नहीं, इसकी जांच जरूरी है। यही वह बिंदु है जिस पर प्रशासनिक जांच से स्थिति साफ हो सकती है। सवाल यह भी है कि यदि संबंधित भूमि पर प्लॉट काटे जा रहे हैं तो वहां सड़क, रास्ते, सीमांकन और अन्य विकास कार्य किस अनुमति के आधार पर किए गए हैं।